आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 14.12.2025 समय : 18.30 पीएम

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विधायक निधि में भ्रष्टाचार पर प्रकाशित खबर पर संज्ञान लिया–मामले की उच्च स्तरीय जांच के निर्देश दिये।
- वर्तमान राज्य सरकार के कार्यकाल के दो वर्ष कल पूरे हो रहे हैं–प्रदेशभर में आरोग्य शिविरों का आयोजन।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ऊर्जा संरक्षण को आज के समय की महति आवश्यकता बताया।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल से चार दिन के विदेश दौरे पर।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज एक प्रमुख समाचार पत्र में विधायक निधि में भ्रष्टाचार की प्रकाशित खबर पर संज्ञान लेते हुए मामले की उच्च स्तरीय जांच के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने इस प्रकरण में मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक तथा राज्य के मुख्य सतर्कता आयुक्त की अध्यक्षता में गठित समिति को इसकी विस्तृत जांच करने के आदेश दिये हैं। इसके साथ ही इन विधानसभा क्षेत्रों में विधायक निधि के खाते फ्रीज करने को कहा है।

इस बीच, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि जनप्रतिनिधियों के लिए सार्वजनिक जीवन में शुचिता और ईमानदारी सर्वोपरि है। राज्य के तीन विधायकों पर विधायक निधि जारी करने के बदले कथित तौर पर कमिशन लेने का स्टिंग सामने आने पर प्रतिक्रिया देते हुए श्री देवनानी ने कहा कि ये प्रकरण अत्यंत गंभीर और चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

000

गौरतलब है कि इस समाचार में राज्य के तीन विधायकों पर एम.एल.ए. फंड की राशि जारी करने के बदले कथित तौर पर कमीशन मांगने की बात सामने आई थी।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि स्वच्छता समाज और सरकार की साझा जिम्मेदारी है। प्रदेशवासियों को स्वच्छता योद्धाओं का सम्मान और सहयोग कर इनका मनोबल बढ़ाना चाहिए, ताकि वे स्वच्छता की मुहिम में और बेहतर तरीके से काम कर सकें।
मुख्यमंत्री आज जयपुर में राज्य स्तरीय स्वच्छता, जागरुकता और श्रमदान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। जलमहल की पाल पर हुए इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने का आह्वान किया।

000

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर श्रमदान और पौधरोपण कर स्वच्छता का संदेश दिया। साथ ही उपस्थित जन समूह को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। श्री शर्मा ने स्वच्छता योद्धाओं को पीपीई किट और चयनित लाभार्थियों को पीएम स्वनिधि योजना के चेक वितरित किये। इसके अलावा रोड़ स्वीपिंग मशीन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मीडिया से बातचीत में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा कि अपनी धरोहरों और सार्वजनिक स्थानों को साफ–सुथरा बनाये रखना हर जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में शहर में मैकेनाइज्ड स्वीपिंग व्यवस्था को लेकर बैठक की जाएगी।

000

प्रदेशभर में जिला स्तरीय स्वच्छता कार्यक्रम रखे गये। इनमें आम लोगों की सक्रिय भागीदारी रही और विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर लोगों ने श्रमदान कर स्वच्छता बनाये रखने का संदेश दिया।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अगुवाई वाली मौजूदा राज्य सरकार के कार्यकाल को कल दो वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस उपलक्ष में प्रदेशभर में **नव उत्थान–नई पहचान, बढ़ता राजस्थान–हमारा राजस्थान,** थीम पर कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

इसी कड़ी में सरकार की उपलब्धियां और नीतियां विकास रथों के माध्यम से जनता तक पहुंचाई जा रही हैं। कार्यक्रमों की श्रृखंला में कल प्रदेशभर में आरोग्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। ये शिविर सभी जिला, उपजिला, सैटेलाईट और अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों पर लगाये जाएंगे।

000

प्रदेश में 16 दिसम्बर से शहरी समस्या समाधान शिविर आयोजित किये जाएंगे। 24 दिसम्बर तक चलने वाले इन शिविरों में शहरी नागरिकों की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निस्तारण के प्रयास किये जाएंगे। नगरीय विकास और आवासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव देवाशीष पृष्टी ने बताया कि प्रत्येक नगरीय निकाय और प्राधिकरण पर ये शिविर अनिवार्य रूप से आयोजित किये जाएंगे। उन्होंने बताया कि इनमें लम्बित प्रकरणों के साथ–साथ नये आवेदनों का भी मौके पर ही निस्तारण करने की कोशिश की जाएगी। इनमें शहरी सेवा शिविरों के तहत दी गई सभी छूट और रियायतें लागू रहेंगी।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि बचत की गई ऊर्जा की हर इकाई प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी और भविष्य के लिए संवेदनशीलता की परिचायक है। श्रीमती मुर्मु आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में बोल रही थीं। राष्ट्रपति ने कहा कि देश में ऊर्जा संरक्षण और स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाये गये हैं। भारत ने निर्धारित समय से पहले ही स्वच्छ ऊर्जा के लिए प्रतिबद्धता को पूरा किया है। ये उन्नत ऊर्जा दक्षता और कार्बन उत्सर्जन कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

000

राष्ट्रपति ने ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार प्रदान किये। उन्होंने इस उपलक्ष में आयोजित राष्ट्रीय चित्रकारी प्रतियोगिता के विजेताओं को भी सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में देश के 1 लाख 10 हजार स्कूलों के 83 लाख विद्यार्थियों की भागीदारी रही।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल चार दिन के विदेश दौरे पर रवाना होंगे। अपनी यात्रा के पहले चरण में प्रधानमंत्री जॉर्डन पहुंचेंगे। श्री मोदी जॉर्डन के किंग अब्दुल्लाह द्वितीय बिन अल हुसैन के निमंत्रण पर दो दिन के प्रवास पर रहेंगे। प्रधानमंत्री की ये यात्रा दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष में हो रही है। श्री मोदी इथोपिया और ओमान की भी यात्रा करेंगे।

000

जोधपुर में कल से हथकरघा उद्यमिता कार्यक्रम की शुरूआत हो रही है। भारतीय हथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान–आई.आई.एच.टी. की ओर से हो रहे इस पांच दिवसीय कार्यक्रम में हथकरघा क्षेत्र में नया व्यवसाय शुरू करने के इच्छुक लोगों को विस्तृत जानकारी दी जाएगी। आई.आई.एच.टी. के निदेशक डॉ. शिव ज्ञानम ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से हथकरघा क्षेत्र को आधुनिक व्यवसायिक कौशल और नवाचार से जोड़कर प्रतिभागियों को आत्मनिर्भता के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसके साथ ही उन्हें बाजार के अनुरूप हथकरघा क्षेत्र के व्यवसायिक मॉडल की जानकारी दी जाएगी।

000

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग–**सी.ए.क्यू.एम.** ने दिल्ली एनसीआर और आस–पास के क्षेत्रों में इस महीने होने वाली खेल प्रतियोगिताओं को स्थगित करने के निर्देश की कड़ाई से अनुपालना के लिए कहा है। आयोग ने राज्य सरकारों से कहा है कि शिक्षण संस्थाओं, खेल निकायों और स्थानीय अधिकारियों के माध्यम से इन निर्देशों की कड़ाई से पालना सुनिश्चित की जाए।

गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश के हवाले से सी.ए.क्यू.एम. ने कहा है कि इस क्षेत्र की खराब एयर क्वालिटी इंडेक्स को देखते हुए ये आउटडोर खेल गतिविधियां स्थगित रखने के निर्देश दिये गये हैं। प्रतिकूल वायु गुणवत्ता खिलाड़ियों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकती है।

000

बूंदी के तालेड़ा क्षेत्र में आज एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मृत्यु हो गई। दुर्घटना एक तेज रफ्तार ट्रक के मोटरसाइकिल को टक्कर मारने से हुई, जिसमें बाइक सवार दंपती और उनके बच्चे ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

उधर, दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेस वे पर सवाईमाधोपुर के चौथ का बरवाड़ा इलाके में बीती रात एक ट्रक और कार की टक्कर में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

000

सेना दिवस समारोह के उपलक्ष में श्रीगंगानगर में आज ऑनर रन रखी गई। लालगढ़ जट्टन सैन्य स्टेशन से स्टेशन कमांडर ब्रिगेडियर मनिक बटलवी ने रन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। घने कोहरे और तेज ठंड के बावजूद बच्चों, युवाओं तथा पूर्व सैनिकों ने उत्साह के साथ इसमें हिस्सा लिया। सैनिकों और उनके परिवारों के साहस और सर्वोच्च बलिदान के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए रन का आयोजन किया गया।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 दिसम्बर को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 129वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 26 दिसम्बर तक स्वीकार किए जाएंगे।

000